दैनिक जागरण | 5
कानपुर, 18 सितंबर 2019

सर पदमपत सिंहानिया की शिक्षिकाएं सम्मानित

कानपुर : जयपुर के जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय में हुए शिक्षक सम्मान समारोह व प्रशिक्षण कार्यक्रम में शहर के सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की शिक्षिका कीर्ति शर्मा व रिची शर्मा को विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अमूल्य योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में देश के लगभग 40 विद्यालयों के 70 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही इनोवेशन ऑफ लर्निंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन अभिषेक सिंहानिया, वर्षा सिंहानिया, प्रधानाचार्य भावना गुप्ता ने संस्थान की सफलता पर शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी।

9-NEXT

6 दैनिक जागरण, Kanpur, 18 September 2019

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

सर पदमप्रत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की टीचर्स को इनोवेशन ऑफ लर्निंग के लिए मिला सम्मान

बेस्ट टीचर अवॉर्ड के साथ टीचर कीर्ति व रिची.

कीर्ति व रिची बनीं बेस्ट टीचर

KANPUR (17 Sept): सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर की टीचर कीर्ति शर्मा व रिची शर्मा को इनोवेशन ऑफ लर्निंग की फील्ड में अच्छा काम करने के लिए बेस्ट टीचर का अवार्ड दिया गया. दोनो टीचर्स को यह अवॉर्ड जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी जयपुर में दिया गया. पदमपत सिंहानिया की टीचर्स यूनिवर्सिटी में कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशाप में शिरकत करने जयपुर गई हैं. यह जानकारी स्कूल प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने दी. कीर्ति शर्मा स्टूडेंट्स को केमेस्ट्री पढ़ाती हैं. उनका केमेस्ट्री पढ़ाने को जो सिस्टम है वह स्टूडेंट्स को बहुत मोटीवेट करता है. वर्कशाप में देश के प्रॉमिनेंट स्कूलों के करीब 40 टीचर्स ने पार्टिसिपेट किया. स्कूल की चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया ने टीचर्स की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है.